लखनऊ हत्याकांड

श्रद्धा दुबे की तलाश में भगवानपुर पहुंची क्राइम ब्रांच और एसओजी टीम

सोनौली (महराजगंज)। (आज) राजधानी लखनऊ के शिवा शर्मा हत्याकांड में आरोपित श्रद्धा दुबे की तलाश तेज हो गई है। इसी सिलसिले में लखनऊ क्राइम ब्रांच और एसओजी की टीम भारत-नेपाल सीमा से सटे सोनौली क्षेत्र के भगवानपुर कस्बे पहुंची। स्थानीय पुलिस के सहयोग से टीम ने सीमावर्ती इलाके में जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। जांच टीम भगवानपुर के आसपास पगडंडी रास्तों और दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। श्रद्धा दुबे की संभावित गतिविधियों और आवागमन से जुड़े सुराग जुटाने के लिए विभिन्न स्थानों के फुटेज की बारीकी से जांच की जा रही है। भारत-नेपाल सीमा से सटे संवेदनशील क्षेत्र में चल रही इस पड़ताल के दौरान टीम सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले से जुड़ी कड़ियों को जोड़ने का प्रयास कर रही है। हालांकि, जांच में अब तक क्या अहम सुराग मिले हैं। इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



◆भारत-नेपाल सीमा पर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही टीम, संदिग्ध गतिविधियों के सुराग जुटाने में लगी पुलिस

सम्पूर्ण समाधान दिवस में सात मामलों का मौके पर निस्तारण

सहजनवां (गोरखपुर)। शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम नमन मेहता ने की। कुल 121 मामले आए, जिनमें से 7 का मौके पर निस्तारण किया गया। विभागवार आए मामलों में राजस्व के 94, पुलिस के 10, आपूर्ति के 7, वन विभाग का 1, विकास के 2, विद्युत के 3, प्रदूषण का 1 पीडब्ल्यूडी का 1 सिंचाई विभाग का 1 और नगर पंचायत के 2 मामले शामिल हैं। एसडीएम ने राजस्व मामलों के लिए राजस्व टीम गठित कर निस्तारण और पुलिस मामलों में जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा, नायब तहसीलदार राम सूरज, बीडीओ सत्यकाम तोमर सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



डांडिया और नौ देवियों की झांकी ने मोहा मन

दोहरीघाट (मऊ)। क्षेत्र के गोठा स्थित सद्भावना मॉडल विद्यालय के प्रांगण में शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में डांडिया नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर बच्चों की प्रस्तुति देखते ही बन रही थी। इसके बाद बच्चों ने मां आदि शक्ति के नौ रूपों शैलपुत्री, ब्रह्म चारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्या यनी, काल रात्रि, महागौरी ,सिद्धि दात्री को धारण कर मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक दीनानाथ दुबे, प्रधानाचार्य शाहबाज अहमद परशुराम शर्मा, प्रिया जा., सीमा मौर्य, सीमा कनौजिया, सोनाली गुप्ता, मुस्कान वर्मा, श्वेता सोनकर, पूजा गुप्ता, अनुपम चतुर्वेदी, प्रमिला कनौजिया सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में भारतीय संस्कृति और परंपरा के प्रति सम्मान बढ़ता है।



तीन दिन तक पार्लर में छिपे रहे दो कोबरा, सर्पमित्र ने सुरक्षित पकड़ा

चौरीचौरा (गोरखपुर)। एम्स थानाक्षेत्र के सोनबरसा बाजार में बरसैनी रोड स्थित गरिमा ब्यूटी पार्लर में शुक्रवार की शाम कोबरा सांपों का जोड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। दोनों सांप पिछले तीन-चार दिनों से पार्लर के अंदर छिपे हुए थे। रात में दुकान बंद होने के बाद रैक पर रखा सामान



◆रात में सामान गिरने पर चूहों का शक, धागे के डिब्बे के पास सांपों का जोड़ा देख उड़े होश

अगले दिन गिरा मिलता था। पार्लर संचालिका बबिता विश्वकर्मा और वहां काम सीखने वाली लड़कियां इसे चूहों की करतूत समझ रही थीं। उन्हें जरा भी अंदाजा नहीं था कि दुकान में दो जहरीले कोबरा मौजूद हैं। शुक्रवार की शाम करीब छह बजे बबिता पार्लर में सिलाई का काम कर रही थीं। इसी दौरान उन्होंने वहां काम सीखने वाली एक युवती को अंदर से धागा लाने के लिए भेजा। युवती जैसे ही धागों के डिब्बे के पास पहुंची, उसकी नजर वहां बैठे दोनों कोबरा पर पड़ गई। सांपों को देखते ही वह घबरा उठी और इसकी जानकारी बबिता को दी। इसके बाद बबिता ने अपने पति संजय विश्वकर्मा को पार्लर पर बुलाया। संजय ने सांपों को मारने के बजाय उन्हें सुरक्षित पकड़वाने का निर्णय लिया और हाटा थानाक्षेत्र के ढाढ़ा निवासी सर्पमित्र विशाल कुमार को सूचना दी। मौके पर पहुंचे विशाल ने सूझबूझ के साथ दोनों कोबरा को पकड़ लिया और एक डिब्बे में रखकर अपने साथ ले गए। इस दौरान सांपों को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। पार्लर में प्रतिदिन करीब डेढ़ दर्जन लड़कियां सिलाई और ब्यूटी पार्लर का काम सीखने आती हैं। गनीमत रही कि तीन-चार दिनों तक अंदर छिपे रहने के बावजूद दोनों कोबरा ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया। दोनों सांपों के पकड़े जाने के बाद संचालिका और वहां मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय कालेसर में धूमधाम से मनाया गया नवरात्रि पर्व

सहजनवां (गोरखपुर)। पिपरौली ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कालेसर में नवरात्रि पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने नवदुर्गा के नौ स्वरूपों की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर नारी शक्ति, भारतीय संस्कारों और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश दिया। प्रधानाध्यापिका मंजू देवी ने कहा कि विजयादशमी का पर्व सत्य, साहस और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने मां दुर्गा के नौ दिव्य रूपों शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री का जीवंत एवं भावपूर्ण प्रदर्शन किया। बच्चों की पारंपरिक वेशभूषा और आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हैं और उनमें नैतिक मूल्यों का विकास करते हैं। इस दौरान संगीता सिंह, सरोज सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।



सम्पूर्ण समाधान दिवस में पांच मामलों का निस्तारण

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एडीएम प्रशासन डॉ.वैभव शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस पर तहसील दिवस प्रभारी एसडीएम गोला मनीष कुमार सीओ गोला दरवेश कुमार तहसीलदार सत्येंद्र कुमार मौर्य नायब तहसीलदार भालचंद चौहान जय प्रकाश भास्कर अभिषेक सोनी ने फरियादियों की पीड़ा को विधिवत सुना,निस्तारण कराने का प्रयास किया। इस समाधान दिवस पर राजस्व विकास खाद्यान्न नगर पंचायत पेंशन पुलिस से संबंधित मामले आए। समाधान दिवस पर विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 86 मामले आए, जिनमें से मौके पर मात्र पांच मामलों का ही निस्तारण हो सका। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। सर्वाधिक मामले राजस्व, पुलिस और आपूर्ति विभाग से संबंधित रहे। समाधान दिवस में बड़हलगंज थाना क्षेत्र के कोल्हुआ निवासी सत्येंद्र तिवारी ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अमीन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। वहीं, महुआपार निवासी मुराती देवी ने आरोप लगाया कि नोटिस दिए जाने के बावजूद हल्का लेखपाल द्वारा भूमि की पैमाइश नहीं की जा रही है। सड़सड़ा बुजुर्ग निवासी ममता देवी ने शिकायत की कि गांव के एक व्यक्ति द्वारा खलिहान की भूमि पर बेदखली का आदेश होने के बावजूद कब्जा नहीं छोड़ा जा रहा है। वहीं, बारानगर निवासी राजेश शुक्ला ने आरोप लगाया कि कुछ लोग उन्हें उनके ही घर में जाने से रोक रहे हैं। समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के कर्मचारियों को मामलों की जांच कर नियमानुसार निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार सत्येंद्र कुमार मौर्य, नायब तहसीलदार बालचंद चौहान, जय प्रकाश,अभिषेक सोनी, भास्कर सहित तहसील प्रशासन और विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



◆सर्वाधिक शिकायतें राजस्व, पुलिस और आपूर्ति विभाग से संबंधित रहीं

पटना चौराहे को मिली नई पहचान,बना राम-परशुराम चौराहा

बड़हलगंज (गोरखपुर)। क्षेत्र के ऐतिहासिक पटना चौराहे को अब राम-परशुराम चौराहे के रूप में नई पहचान मिली है। शनिवार को आयोजित समारोह में चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी और नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. प्रीति महेश उमर ने संयुक्त रूप से भगवान श्रीराम और महर्षि परशुराम की मूर्तियों का अनावरण किया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि रामजानकी मार्ग पर स्थित इस चौराहे का पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व है। मान्यताओं के अनुसार, इसी स्थान पर भगवान श्रीराम और महर्षि परशुराम के बीच मिलन और संवाद हुआ था। इस पौराणिक महत्व को संरक्षित करने और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति व परंपराओं से जोड़ने के उद्देश्य से यहां दोनों महापुरुषों की मूर्तियां स्थापित करने की लंबे समय से मांग की जा रही थी। अब यह पहल साकार हुई है। न.पं. अध्यक्ष डा.प्रीति महेश उमर ने कहा कि राम-परशुराम चौराहा क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख केंद्र बनेगा। यहां मूर्तियों की स्थापना से सनातन संस्कृति की गौरवशाली परंपरा को नई पहचान मिलेगी और बड़हलगंज क्षेत्र का गौरव बढ़ेगा। इस अवसर पर आचार्य वेदप्रकाश त्रिपाठी, व्यापार मंडल अध्यक्ष श्रीकांत सोनी, राजीव पांडेय, सभासद दीपक शर्मा, राकेश राय, लक्ष्मण, सूरज, अमूल्य, रमेश, आलोक, राजकुमार, आचार्य मुन्ना निगम, सुरेश उमर, कृष्णा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



◆विधायक राजेश त्रिपाठी और नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया भगवान राम व महर्षि परशुराम की मूर्तियों का अनावरण

ग्राम न्यायालय स्थापना और प्रदूषण से मुक्ति को लेकर अधिवक्ताओं ने दिया धरना

सहजनवां (गोरखपुर)। शनिवार को सहजनवां तहसील के अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में ग्राम न्यायालय की स्थापना तथा गीडा फैक्ट्रियों द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण से मुक्ति की मांग को लेकर धरना दिया। अधिवक्ताओं ने एसडीएम सहजनवां नमन मेहता को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि सहजनवां तहसील में ग्राम न्यायालय की स्थापना के लिए प्रशासनिक प्रक्रिया तत्काल पूरी कर शासन को अंतिम सूची भेजी जाए। साथ ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की विशेष टीम गठित कर सहजनवां और गीडा की फैक्ट्रियों के वायु और जल उत्सर्जन की औचक जांच की जाए। मानकों का उल्लंघन करने वाली और बिना वाटर ट्रीटमेंट के चल रही फैक्ट्रियों को तत्काल सीज किया जाए। धरने में अनिल कुमार त्रिपाठी, के.के. त्रिपाठी, बुद्धिसागर यादव, ज्ञानेंद्र यादव, धनेश मणि, सुधाकर त्रिपाठी, अभिषेक त्रिपाठी, गणेश, अखंड प्रताप सिंह, उमेश तिवारी, उमेश चंद त्रिपाठी सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।



रामलीला के छठे दिन सीता हरण की लीला का मंचन

दोहरीघाट (मऊ)। स्थानीय राम लीला परिसर में चल रहे रामलीला मंचन के छठे दिन भगवान श्रीराम के वनवास काल की विभिन्न लीलाओं का भावपूर्ण मंचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदरणीय भरत भैया ने दीप प्रज्वलित कर लीला का शुभारंभ किया। लीला की शुरुआत जयंत प्रसंग से हुई। इसके बाद शूर्पणखा की नाक-कान काटने, खर-दूषण वध तथा जटायु मरण के प्रसंगों का सजीव मंचन किया गया। शूर्पणखा द्वारा लंका पहुंचकर रावण को पूरी घटना की जानकारी देने के बाद रावण ने मारीच को भेजकर माता सीता का हरण कर लिया। इन प्रसंगों के मंचन ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन रामलीला समिति के अध्यक्ष विनोद वर्मा ने किया। इस अवसर पर श्री राम प्रसाद चौधरी आलोक मल्ल गुलाब सोनकर रामप्रसाद सोनकर प्रिंस कुमार राहुल जायसवाल, मनोज गोरख सहित समिति के अन्य कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।



◆दर्शक हुए भावविभोर

गरबा कार्यक्रम में अंजली त्रिपाठी को मिला वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई सम्मान

नौतनवां (महराजगंज) (आज)। नवरात्रि के पावन अवसर पर कस्बे के एक मैरेज हॉल में आयोजित गरबा कार्यक्रम में बचपन प्ले स्कूल एवं एबी इंटरनेशनल स्कूल की डायरेक्टर अंजली त्रिपाठी को नारी शक्ति एवं सम्मान के प्रतीक के रूप में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नौतनवा के पूर्व चेयरमैन गुड्डू खान एवं नायला खान की ओर से किया गया था। इस अवसर पर अंजली त्रिपाठी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। आयोजकों ने उन्हें पगड़ी पहनाकर और तलवार भेंट कर सम्मानित किया। यह सम्मान महिलाओं के साहस, स्वाभिमान, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का प्रतीक रहा। इस दौरान नारी शक्ति के महत्व और समाज में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित किया गया। नवरात्रि का पर्व मां दुर्गा की आराधना के साथ-साथ नारी शक्ति के सम्मान का भी संदेश देता है। ऐसे आयोजन समाज में महिलाओं के प्रति आदर, समानता और सशक्ती करण की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। अंजली त्रिपाठी को मिले इस सम्मान से उनके परिवार, शुभचिंतकों और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों में खुशी का माहौल है।



◆पगड़ी पहनाकर और तलवार भेंट कर किया सम्मानित, नारी शक्ति व महिला सशक्तीकरण का दिया संदेश

मनौती नहीं,परम सत्ता से मांगें कृपा,उसी में समाहित है सब कुछ

दोहरीघाट (मऊ)। पतित पावनी मां सरयू के तट पर स्थित अंतरराष्ट्रीय मातेश्वरी महाधाम में शारदीय नवरात्र के अवसर पर मातेश्वरी परिवार की ओर से आयोजित 10 दिवसीय आदि शक्ति अखंड महायज्ञ एवं ध्यान योग प्रवचन कार्यक्रम के सातवें दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान सद्गुरु जी ने भक्तों को आध्यात्मिक जीवन का संदेश देते हुए कहा कि जीवन में कभी भी मनौती का रिश्ता नहीं रखना चाहिए, चाहे वह सद्गुरु का दरबार हो या परम सत्ता का। उन्होंने कहा कि मनौती का रिश्ता स्वार्थ पर आधारित होता है। सांसारिक जीवन में भी लोग स्वार्थ के रिश्तों को पसंद नहीं करते, तो फिर परम सत्ता के साथ ऐसा रिश्ता कैसे स्वीकार्य हो सकता है। जीवन में सद्गुरु या परम सत्ता का दरबार मिलना सौभाग्य की बात है। ऐसे में भक्तों को उनसे किसी विशेष इच्छा की पूर्ति के बजाय उनकी कृपा मांगनी चाहिए, क्योंकि कृपा में सब कुछ समाहित है। सद्गुरु ने कहा कि मनुष्य को स्वयं नहीं पता कि आने वाले कल में उसे किन परि स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। उसे किन चीजों की आवश्यकता होगी। उसके, उसके परिवार के लिए क्या हितकारी होगा, यह परम सत्ता बेहतर जानती है। इसलिए भक्त को अपनी इच्छाओं, मनो कामनाओं के बजाय परम सत्ता की कृपा पर भरोसा रखना चाहिए। प्रवचन को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग धन को ही सुख का आधार मानते हैं, जबकि धन से सच्चा सुख प्राप्त नहीं किया जा सकता। वास्तविक सुख सद्गुरु, मां के चरणों में समर्पण, श्रद्धा, कृपा से मिलता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को स्वार्थ से ऊपर उठकर भक्ति, विश्वास, समर्पण के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।



छात्राओं ने दिखाया नारी शक्ति का अद्भुत रूप

गोलाबाजार (गोरखपुर)। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर चल रहे महिला शक्ति पखवाड़ा के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय धुरियापार की छात्राओं ने देवी दुर्गा, माँ लक्ष्मी, माँ सरस्वती, माँ काली के साथ-साथ वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के रूप धारण कर महिला शक्ति का जीवंत बोध कराया छात्राओं के इस अद्भुत प्रदर्शन को देखकर उपस्थित सभी लोग मंत्रमुग्ध हो गए और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि "लड़के शिक्षित होने पर केवल एक कुल को तारते हैं , लेकिन जब एक लड़की शिक्षित होती है तो वह दो कुलों को तारती है। इसलिए हर बेटी को शिक्षित करना अत्यंत आवश्यक है, यही सच्ची नारी शक्ति की पहचान है।" कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक बृज मोहन यादव, करुणा निधि शुक्ल, रंजना गुप्ता, रजनी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रिंटू शाही, बीएलओ अविनाश सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



किशोरी को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया युवक, नामजद अपहरण का मुकदमा दर्ज

हरपुर-बुदहट(गोरखपुर)। थाना क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझौरा निवासी आशुतोष पुत्र अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश में जुटी हुई। थाना क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी के पिता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 15 अक्टूबर को शाम चार बजे के करीब जब मैं ठेला लगाने के लिए घर से चौराहे पर चला गया उसी समय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझौरा निवासी आशुतोष ने हमारी लड़की को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। मैंने इधर उधर काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं पता नहीं चला। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

नोविस एकेडमी में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन

भटहट, गोरखपुर। नोविस एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल, जंगल माघी, भटहट में शनिवार को विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राघवेन्द्र प्रताप सिंह रहे। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने आर्टि फिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और विज्ञान के विभिन्न मॉडलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक सोच का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री सिंह कहा कि प्रदर्शनी ने न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया, बल्कि शिक्षा के साथ नवाचार और तकनीकी ज्ञान के महत्व को भी उजागर किया। नोविस एकेडमी की यह पहल विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने और उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि व विद्यालय के संस्थापक हाजी मोहम्मद राशिद खान द्वारा अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत से किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आधुनिक तकनीक, रोबोटिक्स और विज्ञान के आकर्षक मॉडलों को देखकर अभि भावक एवं अतिथिगण बेहद प्रभावित और आश्चर्यचकित हुए। इस दौरान डायरेक्टर समीर खान, प्रधानाचार्या सुनीता मल्ल, योगेन्द्र कुमार पासवान आदि लोग उपस्थित थे।



बिना हिंदी को समझे हिंदुस्तान को समझना मुश्किल-कवियों ने बांधा समां

बड़हलगंज (गोरखपुर)। मुक्ति पथ पर आयोजित सप्त दिवसीय रुद्र महायज्ञ एवं सरयू अमृत महोत्सव के छठे दिन देर रात तक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ।

इसमें देश के ख्याति लब्ध कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। हास्य-व्यंग्य, वीर रस और ओजपूर्ण कविताओं की प्रस्तुतियों पर पंडाल तालियों और ठहाकों से गूंजता रहा। विश्वविख्यात हास्य-व्यंग्यकार डा. दिनेश बावरा ने अपनी चिर-परिचित शैली में सामाजिक विसंगतियों, समसामयिक परिस्थितियों पर व्यंग्य के तीर चलाए। उनकी प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया और तालियां बटोरीं। काशी से आए हास्य कवि अनिल चौबे ने आम जनजीवन, पारिवारिक रिश्तों और पति-पत्नी के बीच होने वाली नोक-झोंक पर आधारित रचनाओं से श्रोताओं को हंसा-हंसाकर लोटपोट कर दिया। वहीं, कवि सुमित ओरछा ने हिंदी भाषा,भारतीय संस्कृति की महत्ता को रेखांकित करते हुए अपनी ओजपूर्ण कविता"बिना हिंदी को समझे हिंदुस्तान समझना मुश्किल है, भारत के कण-कण की इस पावनता को समझना मुश्किल है" सुनाकर श्रोताओं में नया जोश भर दिया। सुप्रसिद्ध कवयित्री शशि श्रेया ने अपनी मधुर वाणी, भाव पूर्ण काव्य पाठ से वातावरण को सरस बना दिया। उनकी पंक्तियां "मैं जब तक सामने हूं गुनगुना लो, मेरी तस्वीर लेकर क्या करोगे" तथा "कड़ी धूप में पुरवाई है, मर्द पिता, बेटे, भाई हैं" को श्रोताओं ने खूब सराहा। इसके अलावा वीर रस के कवि रुद्र प्रताप रुद्र, निर्भय निनाद, अनुज पांडेय ने भी अपनी रचनाओं से श्रोताओं में उत्साह का संचार किया। देर रात तक चले इस कवि सम्मेलन में श्रोताओं ने कवियों की प्रस्तुतियों का आनंद लिया।



◆मुक्तिपथ पर कवि सम्मेलन में हास्य-व्यंग्य और ओजपूर्ण कविताओं ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

राजीव गांधी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में पोस्टर व मॉडल प्रदर्शनी आयोजित

नौतनवा/महराजगंज (आज)। राजीव गांधी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में शनिवार को पोस्टर प्रेजेंटेशन, हर्बल प्रोडक्ट प्रदर्शनी एवं मॉडल प्रेजेंटेशन कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्रबंधक एवं मुख्य अतिथि डॉ. अजीत मणि त्रिपाठी ने मां सरस्वती के चित्र पर पूजन-अर्चन के बाद फीता काटकर किया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच और नवाचार क्षमता का प्रदर्शन किया। पोस्टर प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों ने एंटीमा इक्रोबियल रेजिस्टेंस/ रोगाणुरोधी प्रतिरोध जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि एंटीबायोटिक दवाओं का अनावश्यक एवं अनुचित इस्तेमाल रोगाणुओं में दवाओं के प्रति प्रतिरोध बढ़ा सकता है। साथ ही, दवाओं के उचित उपयोग और इस समस्या की रोकथाम के उपायों पर भी प्रकाश डाला। हर्बल प्रोडक्ट प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित हर्बल औषधियों और फाइबर से बने उत्पादों को प्रस्तुत किया। वहीं, मॉडल प्रेजेंटेशन में फार्मेसी एवं स्वास्थ्य विज्ञान से संबंधित विभिन्न मॉडलों के जरिए अपनी तकनीकी समझ और नवाचार क्षमता का परिचय दिया। विद्यार्थियों ने जेल, टैबलेट, कैप्सूल, बीट ब्लास्ट और हर्बल आंवला चोकोपाई सहित विभिन्न उत्पाद भी प्रदर्शित किए। प्रतियोगिता के परिणामों में पोस्टर प्रेजेंटेशन में बी.फार्मा फाइनल ईयर के मोहम्मद कैफ ने प्रथम स्थान प्राप्त व बी.फार्मा थर्ड ईयर के महेश कुमार एवं उनकी टीम दूसरे स्थान पर रही। हर्बल प्रोडक्ट प्रदर्शनी में बी.फार्मा थर्ड ईयर के मेराज ने प्रथम स्थान व द्वितीय स्थान मोहम्मद कैफ,जबकि नैना पांडेय एवं उनकी टीम को तृतीय स्थान मिला। मॉडल प्रेजेंटेशन में बी.फार्मा सेकंड ईयर की सलोनी ने प्रथम तथा बी.फार्मा फाइनल ईयर की नैना पांडेय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. अजीत मणि त्रिपाठी और अनंत मणि त्रिपाठी ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ उन्हें व्यावहारिक ज्ञान और अनुभव प्रदान करते हैं। विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ उसका वास्तविक जीवन में उपयोग करना भी सीखना चाहिए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शोभाराम साहू ने कहा कि पोस्टर एवं मॉडल प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं, ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ उनकी रचनात्मकता को भी बढ़ावा देते हैं। इस दौरान छाया राठौर साहू, हरेंद्र प्रसाद, आरजू खान, नैना पांडेय, रंजना अग्रहरि, खुशी कुमारी, अच्छे गौड़, खुशी पासवान, मोहम्मद कैफ सहित कॉलेज के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



◆विद्यार्थियों ने फार्मेसी उत्पादों और वैज्ञानिक मॉडलों के जरिए दिखाई प्रतिभा◆उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी सम्मानित

तहसीलदार ने आधा दर्जन बूथों का किया निरीक्षण,एसआईआर में तेजी के निर्देश

सहजनवां (गोरखपुर)। शनिवार को एसआईआर प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा ने तहसील क्षेत्र के आधा दर्जन बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने सिसई बूथ संख्या 25-26,चड़राड बूथ संख्या 18-19,माट बूथ संख्या 22, 23,24, बेलौरा बूथ संख्या 62, तिलौरा बूथ संख्या 68, पाली बूथ संख्या 63-64 65,66,67 का निरीक्षण किया। सभी बूथों पर बीएलओ मौजूद मिले। तहसीलदार ने निर्देश दिया कि एसआई आर फॉर्म भरने में तेजी लाई जाए, लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लक्ष्य समय पर पूरा किया जाए। इस दौरान बीएलओ उदय प्रताप, शशि कला, पूनम, जानकी, राघवेंद्र नारायण, प्रमोद देवी, मनोज, जनार्दन, कृतसेन, संतोष, नीरज, शैलेंद्र, पूर्णिमा सिंह मौजूद रहे।

पैमाइश के बाद गड़े पत्थर उखाड़े,8 पर केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। थाना क्षेत्र के मंझरिया में पत्थर नसब की पैमाइश के बाद गाड़े गए पत्थर को मनबढ़ों ने उखाड़ कर जमीन पर कब्जा कर लिया। जानकारी के अनुसार शिव कुमार पुत्र रामलखन ने आराजी संख्या 365 के लिए धारा 24 के तहत एसडीएम के आदेश पर पत्थर नसब के लिए पैमाइश कराई थी। राजस्व टीम ने भूमि की पैमाइश कर पत्थर गाड़ दिया था। आरोप है कि विपक्षी ने उस पत्थर को उखाड़ कर फेंक दिया और भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने टीजू, अनिल, चंद्रभान, हरिहर, धुनकु, द्वारिका, रामनैन और बुटकी के खिलाफ बलवा, तोड़फोड़, मारपीट और जान से मारने की धमकी का केस दर्ज कर लिया है।